मंदिर परिसर में जलभराव से श्रद्धालुओं में आक्रोश

खास बातें

- पक्की नाली निर्माण, बाउंड्री वॉल और साफ-सफाई की मांग
- रथ यात्रा से पहले व्यवस्था सुधारने की उठी मांग

नवभारत न्यूज

पठारी 8 जुलाई, नगर के प्राचीन राम जानकी राज मंदिर परिसर में हर वर्ष की तरह इस बार भी बारिश के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या सामने आई है. तेज बारिश होते ही मंदिर परिसर में गंदा पानी भर जाता है, जिससे श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने और पूजा-अर्चना करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. लंबे समय से चली आ रही इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग अब तेज हो गई है.

मंदिर के पुजारी मदन गोपाल दास ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में मंदिर परिसर पानी से भर जाता है. जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं का आवागमन प्रभावित होता है और कई बार लोग फिसलकर गिरने की स्थिति में पहुंच जाते हैं. नियमित पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजन भी इससे प्रभावित होते हैं.

श्रद्धालुओं का कहना है कि राम जानकी राज मंदिर नगर की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं. इसके बावजूद मंदिर परिसर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से हर बारिश में पूरा परिसर जलमग्न हो जाता है. वर्षों से बनी इस समस्या का अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है.

श्रद्धालुओं ने ग्राम पंचायत से मांग की है कि मंदिर परिसर से वर्षा के पानी की निकासी के लिए शीघ्र पक्की नाली का निर्माण कराया जाए. उनका कहना है कि लंबे समय तक गंदा पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना रहता है.पुजारी मदन गोपाल दास ने बताया कि मंदिर के सामने मंदिर की भूमि खाली पड़ी है, जहां गंदगी और कचरा फैला रहता है. उन्होंने इस भूमि की साफ-सफाई कराकर बाउंड्री वॉल का निर्माण कराने तथा पौधारोपण कराने की मांग की है. उनका कहना है कि यदि समय रहते यह कार्य नहीं कराया गया तो भूमि पर अतिक्रमण होने की आशंका है, जिससे भविष्य में मंदिर प्रबंधन को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है.उन्होंने कहा कि आगामी रथ यात्रा को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र की विशेष साफ-सफाई कराई जाना आवश्यक है. वर्तमान में गंदगी और कचरे से दुर्गंध फैल रही है, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा हो रही है. स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और ग्राम पंचायत से शीघ्र कार्रवाई कर मंदिर परिसर की समस्याओं का स्थायी समाधान कराने की मांग की है.

गटर नालियों से निकल रहे जहरीले जीव-जंतु, लोगों में दहशत

- बारिश के बाद सांप, गोह और अन्य विषैले जीव पहुंच रहे घरों तक
- नालियों में कीटनाशक छिड़काव और सफाई की मांग

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 8 जुलाई, लगातार हो रही बारिश के बाद नगर की गटर और नालियों से सांप, गोह तथा अन्य जहरीले जीव-जंतु बड़ी संख्या में बाहर निकलने लगे हैं. इससे लोगों में दहशत का माहौल है. कई स्थानों पर ये जीव रिहायशी क्षेत्रों और घरों के भीतर तक पहुंच रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है.

स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के कारण गड्ढों, बिलों और नालियों में पानी भर जाने से जहरीले जीव अपने सुरक्षित ठिकानों की तलाश में बाहर निकल रहे हैं. कई मोहल्लों में सांप और अन्य विषैले जीव दिखाई देने की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है.नागरिकों ने नगर पालिका परिषद से मांग की है कि गटर और नालियों में तत्काल कीटनाशक एवं आवश्यक दवाइयों का छिड़काव कराया जाए, ताकि जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा कम हो सके. साथ ही नालियों की जड़ से सफाई कराई जाए, जिससे गंदगी और जलभराव समाप्त हो तथा मच्छरों का प्रजनन भी रोका जा सके.नागरिकों का कहना है कि बरसात के मौसम में नगर पालिका को विशेष सफाई अभियान चलाकर नालियों की नियमित सफाई, कीटनाशक छिड़काव और फॉगिंग करानी चाहिए, ताकि जहरीले जीव-जंतुओं और मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से लोगों को राहत मिल सके.

एक नजर में

शिक्षकों के अटैचमेंट समाप्त होने पर विधायक उमाकांत शर्मा का जताया आभार

नवभारत न्यूज

कुरवाई. मध्यप्रदेश खटीक समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंचमलाल सप्रे ने शिक्षकों के अटैचमेंट समाप्त करने के सरकार के निर्णय पर सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा का आभार व्यक्त किया है. उन्होंने धन्यवाद पत्र में कहा कि विधायक द्वारा विधानसभा में यह मुद्दा उठाने के बाद 213 अटैच शिक्षकों को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर भेजा गया, जिससे विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय हुआ है. सप्रे ने विधायक से एक अन्य जनहित के मुद्दे पर भी कार्रवाई की मांग की. उन्होंने स्टेट हाईवे एवं प्रमुख सड़कों के किनारे बने अवैध टपरे और झोपड़ियां हटाने की मांग करते हुए कहा कि इन अतिक्रमणों के कारण सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है. उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की.

भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश को कर्ज के दलदल में धकेला-अवस्थी

नवभारत न्यूज

विदिशा. जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण कुमार अवस्थी ने भाजपा सरकार पर प्रदेश की आर्थिक स्थिति बिगाड़ने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि सरकार की गलत आर्थिक नीतियों और वित्तीय कुप्रबंधन के कारण मध्य प्रदेश पर कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है. उनका दावा है कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में 3,600 करोड़ रुपये का नया कर्ज लिया है, जिससे कुल कर्ज 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है.अवस्थी ने आरोप लगाया कि प्रदेश की आय का बड़ा हिस्सा अब कर्ज के ब्याज के भुगतान में खर्च हो रहा है. इसके चलते शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सिंचाई और आधारभूत विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपेक्षित निवेश नहीं हो पा रहा है. उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद सरकार अनावश्यक खर्च और प्रचार-प्रसार पर धन व्यय कर रही है.कांग्रेस प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि बढ़ते भ्रष्टाचार ने प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था को कमजोर किया है, जिसका खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है. उन्होंने राज्य सरकार से वित्तीय अनुशासन लागू करने, अनावश्यक खर्चों में कटौती करने, भ्रष्टाचार पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा प्रदेश को बढ़ते कर्ज के संकट से बाहर निकालने के लिए ठोस आर्थिक नीति अपनाने की मांग की.

आदर्श महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

विदिशा. शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी, में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया. कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई. इसके बाद नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्प दिलाया गया.

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को महाविद्यालय की स्थापना, उपलब्धियों, शैक्षणिक गतिविधियों, नियमों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई. साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, गांव की बेटी योजना, मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना सहित विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं का परिचय कराया गया. विद्यार्थियों को पुस्तकालय, खेल सुविधाओं, युवा उत्सव एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की भी विस्तृत जानकारी दी गई.कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया. कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अनीता शाक्य ने महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों और शैक्षणिक व्यवस्थाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया.

जगदीश रथ यात्रा के दिन स्कूलों की शीघ्र छुट्टी की मांग

- बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए 11 बजे तक अवकाश और परीक्षा-टेस्ट स्थगित करने का किया आग्रह

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. नगर में प्रतिवर्ष निकलने वाली भगवान श्री जगदीश की प्राचीन एवं भव्य रथ यात्रा इस वर्ष 16 जुलाई 2026 को आयोजित होगी. इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु ग्रामीण अंचलों से नगर पहुंचते हैं. दो विशाल रथ दोपहर करीब 12 बजे नगर सीमा में प्रवेश करते हैं और शाम लगभग 6 बजे तक नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरते हैं.

रथ यात्रा के दौरान मुख्य मार्गों पर भारी भीड़ और यातायात का दबाव रहने से जाम की स्थिति बन जाती है. ऐसे में स्कूलों की सामान्य छुट्टी का समय दोपहर 1 से 2 बजे होने के कारण विद्यार्थियों, अभिभावकों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. कई स्कूल वाहनों के चालक मुख्य मार्गों पर जाने से मना कर देते हैं, जबकि कुछ वाहनों को लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ता है. इससे बच्चे कई बार 3 से 4 घंटे की देरी से अपने घर पहुंचते हैं.नगर के अभिभावकों ने बताया कि यह केवल असुविधा का विषय नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है. उनका कहना है कि रथ यात्रा वाले दिन स्कूलों की छुट्टी सुबह 11 बजे तक कर दी जाए, ताकि विद्यार्थी सुरक्षित अपने घर पहुंच सकें.

रथ यात्रा के दिन जाम से बचाने की पहल

अभिभावकों ने यह भी आपत्ति जताई है कि एक निजी शिक्षण संस्था ने रथ यात्रा के दिन ही विद्यार्थियों के दो टेस्ट निर्धारित कर दिए हैं. उनका कहना है कि धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के इस आयोजन के दिन परीक्षा या टेस्ट आयोजित करने से विद्यार्थियों और पालकों पर अनावश्यक दबाव पड़ता है.अभिभावकों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि 16 जुलाई को बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी विद्यालयों में 11 बजे तक छुट्टी करने के निर्देश जारी किए जाएं तथा किसी भी स्कूल में उस दिन परीक्षा, टेस्ट या अन्य शैक्षणिक आयोजन नहीं रखा जाए, ताकि विद्यार्थी सुरक्षित घर पहुंच सकें और नगर की ऐतिहासिक रथ यात्रा भी सुचारु रूप से संपन्न हो सके.

पेंशन के लिए भटक रहे विकलांग, असहाय और गरीब हितग्राही

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. नगर में विकलांग, असहाय और गरीब पेंशन हितग्राही पिछले दो-तीन माह से पेंशन नहीं मिलने के कारण परेशान हैं. पेंशन की राशि नहीं आने से वे नगर पालिका परिषद और बैंकों के लगातार चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है कि आखिर भुगतान क्यों रुका हुआ है.हितग्राहियों का कहना है कि बैंकिंग प्रक्रिया में हुए बदलाव के कारण भी उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. अधिकांश लाभार्थी अशिक्षित या कम पढ़े-लिखे हैं, इसलिए नई प्रक्रिया को समझ पाना उनके लिए मुश्किल हो रहा है. हाथ में पेंशन की पासबुक लेकर वे इधर-उधर जानकारी मांगते फिर रहे हैं और राह चलते लोगों से भी पूछ रहे हैं कि आखिर उनकी पेंशन क्यों नहीं आ रही.जानकारी के अभाव में लोगों को अलग-अलग तरह की बातें सुनने को मिल रही हैं. कोई कह देता है कि पेंशन की राशि दूसरी योजनाओं में चली गई है, तो कोई बैंक जाकर जानकारी लेने की सलाह देता है. इससे हितग्राहियों में भ्रम और असमंजस की स्थिति बनी हुई है.पेंशन पर निर्भर रहने वाले वृद्ध, दिव्यांग और निराश्रित लोगों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है. कई लोगों का कहना है कि उन्हें दैनिक खर्च, दवाइयों और आवश्यक जरूरतों के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है.हितग्राहियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पेंशन वितरण में आ रही तकनीकी अथवा प्रशासनिक समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाए. साथ ही नगर पालिका और बैंकों में स्पष्ट सूचना उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों को बार-बार भटकना न पड़े और पात्र हितग्राहियों को समय पर पेंशन का लाभ मिल सके.

किसान कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

- खाद की उपलब्धता, मूंग उपार्जन, ई-टोकन व्यवस्था और बिजली आपूर्ति सहित पांच सूत्रीय मांगें मुख्यमंत्री के नाम भेजीं

नवभारत न्यूज

पठारी. नगर के मुख्य बस स्टैंड पर किसान कांग्रेस द्वारा जिला अध्यक्ष विनीत सिंह दांगी के नेतृत्व में आमसभा आयोजित कर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया गया. इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार अभिषेक पांडे को सौंपा गया. कार्यक्रम में किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रणधीर सिंह दांगी, जिला पंचायत सदस्य रानी अहिरवार सहित बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे.

ज्ञापन में पठारी तहसील के किसानों की विभिन्न समस्याओं का उल्लेख करते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग की गई. इस दौरान जिला अध्यक्ष विनीत सिंह दांगी ने कहा कि जिले के किसान खाद की कमी, मूंग उपार्जन में अव्यवस्था, ई-टोकन प्रणाली की खामियां तथा पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं मिलने जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं. यदि इन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया गया तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा, जिसे किसान कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी.उन्होंने मांग की कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं डीएपी खाद उपलब्ध कराई जाए तथा खाद की कालाबाजारी और जमाखोरी पर तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई की जाए. साथ ही जिले के प्रत्येक पात्र किसान की मूंग खरीदी सुनिश्चित करते हुए उपार्जन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए.विनीत सिंह दांगी ने कहा कि ई-टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इसे समाप्त कर किसानों के हित में सरल और व्यावहारिक व्यवस्था लागू की जानी चाहिए.जिला पंचायत सदस्य रानी अहिरवार ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए प्रतिदिन कम से कम 12 घंटे निर्बाध और निर्धारित समय पर बिजली उपलब्ध कराई जाए. उन्होंने उपार्जन केंद्रों और सहकारी समितियों में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की.किसान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसान वर्तमान में आर्थिक संकट से गुजर रहा है. समय पर खाद, बिजली और उपज का उचित मूल्य नहीं मिलने से उसकी स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है. उन्होंने सरकार से सभी मांगों पर तत्काल निर्णय लेकर किसानों को राहत देने की मांग की. साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ तो किसान कांग्रेस किसानों के हित में लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से व्यापक जनआंदोलन करेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी.इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रघु ठाकुर, अजय सिंह ठाकुर, आशीष सहेले, अर्पित सिंघई, आरती चौधरी, रण सिंह ठाकुर, गजेंद्र सिंह ठाकुर, सैनकी सहेले, लाखन सिंह ठाकुर, चैन सिंह ठाकुर, विजय सिंह ठाकुर, अन्नु ठाकुर, समीर पठान, धर्मेंद्र ठाकुर, लाल यादव, सेतु अहिरवार, जाहिद अली, राजा रघुवंशी, मनीष ठाकुर सहित किसान कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे.

छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के बताए उपाय, जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने की दिलाई शपथ

- सांदीपनि विद्यालय में साइबर सुरक्षा अभियान 2.0 का आयोजन

नवभारत न्यूज

कुरवाई. पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संचालित साइबर सुरक्षा अभियान 2.0 के तहत कुरवाई थाना क्षेत्र स्थित सांदीपनि विद्यालय में वृहद साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) सुश्री रोशनी सिंह ठाकुर एवं थाना प्रभारी आर.के. मिश्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे.कार्यक्रम में करीब 100 से 110 छात्र-छात्राओं, प्राचार्य एवं शिक्षकों को बढ़ते साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी अनजान लिंक, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारी से उपयोग करें.जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी वाले पंपलेट भी वितरित किए गए. साथ ही उनकी समझ और जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.कार्यक्रम के समापन पर पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पुलिस स्टाफ को साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करने तथा जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने की सामूहिक शपथ दिलाई. इस अवसर पर कुरवाई थाने का समस्त स्टाफ, विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

शिविर | 40 वर्षों से लग रहे नि :शुल्क नेत्र शिविरों में उमड़ रही भीड़ . बार-बार जांच कराने पहुंच रहे मरीज

मुफ्त दवा, वाहन और भोजन की सुविधा से बढ़ रही नेत्र रोगियों की संख्या

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. नगर में पिछले लगभग 40 वर्षों से आयोजित किए जा रहे निशुल्क नेत्र शिविरों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. हर सप्ताह लगने वाले शिविरों में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में नेत्र रोगी पहुंच रहे हैं.



मरीजों को जांच से लेकर दवाइयां, चश्मा, वाहन, नाश्ता, भोजन और आवश्यकता अनुसार आवास तक की निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके कारण शिविरों में लगातार भीड़ बनी रहती है.आनंदपुर एवं बैरागढ़ नेत्र ट्रस्ट द्वारा संचालित इन शिविरों में सेवा भावना से जुड़े स्थानीय स्वयंसेवक भी मरीजों की सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. ट्रस्ट की ओर से दी जा रही सुविधाओं के कारण कई मरीज एक से अधिक बार अपनी आंखों की जांच कराने शिविर में पहुंचते हैं और हर बार आवश्यक दवाइयां एवं चश्मा प्राप्त करते हैं.

गंजबासौदा के अलावा अब ग्यारसपुर, घटेरा, बरेठ, कुल्हार, मंडी बामोरा तथा आसपास के गांवों में भी मांग के अनुसार निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. इससे ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को भी इलाज के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती. शिविरों में सेवा दे रहे स्वयंसेवकों के कार्य की सराहना भी हो रही है और समय-समय पर उनका सम्मान किया जाता है.सद्गुरु नेत्र जांच केंद्र पर ट्रस्ट के चिकित्सक नियमित रूप से मरीजों की जांच कर रहे हैं. इसके बावजूद हर शिविर में मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं. लगातार बढ़ रही नेत्र रोगियों की संख्या अब चिंता का विषय भी बनती जा रही है.विशेषज्ञों का मानना है कि नेत्र रोग बढ़ने के वास्तविक कारणों पर गंभीर अध्ययन की आवश्यकता है. प्रदूषण पहले की तुलना में कम हुआ है और स्वच्छता अभियान भी लगातार चल रहे हैं, इसके बावजूद आंखों से संबंधित बीमारियों में कमी नहीं आ रही, बल्कि मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है.शासकीय चिकित्सालय में भी नेत्र जांच और दवाइयों की सुविधा उपलब्ध है. वहीं निजी नेत्र विशेषज्ञों के पास भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं, जहां जांच और उपचार के लिए अधिक शुल्क देना पड़ता है. इसके बावजूद बेहतर उपचार की उम्मीद में अनेक लोग निजी अस्पतालों का रुख कर रहे हैं. ऐसे में निशुल्क नेत्र शिविर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहे हैं.

40 वर्षों की सेवा परंपरा आज भी कायम

गंजबासौदा में निशुल्क नेत्र शिविर की शुरुआत समाजसेवी एवं पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष स्वर्गीय विशनजी भाई ने की थी. प्रारंभिक वर्षों में शिविर में देश के प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. नाहटा अपनी सेवाएं देने के लिए गंजबासौदा आए थे. उनके प्रयासों से हजारों जरूरतमंद मरीजों को आंखों का निशुल्क उपचार और ऑपरेशन का लाभ मिला.स्वर्गीय विशनजी भाई के निधन के बाद उनके पुत्र एवं समाजसेवी कांति भाई शाह ने इस सेवा कार्य की परंपरा को आगे बढ़ाया. नागरिकों, समाजसेवियों और विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से आज भी नियमित रूप से निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. आनंदपुर एवं बैरागढ़ नेत्र ट्रस्ट के सहयोग से संचालित इन शिविरों के माध्यम से हजारों मरीजों को जांच, दवाइयां, चश्मा, ऑपरेशन, वाहन, भोजन और अन्य सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं. इसी सेवा भावना के कारण गंजबासौदा का यह नेत्र शिविर क्षेत्र के सबसे पुराने और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवा अभियानों में गिना जाता है.

मौन सूचना

विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.

ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.

मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO

विकास पचौरी रेडियो 84 35 250 250

और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, **सत्यवेन्दर सिंह संधू (SATWINDER SINGH SANDHU)** मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश/गलती से मेरा नाम **सत्यवेन्दर संधू (SATVENDAR SANDHU)** गलत अंकित हो गया है अत: मेरे स्थानीय निवासी समग्र आईडी में सही नाम **सत्यवेन्दर सिंह संधू (SATWINDER SINGH SANDHU)** दर्ज है। अत: राजपत्र में प्रकाशन उपरांत मेरा सही नाम **सत्यवेन्दर सिंह संधू (SATWINDER SINGH SANDHU)** सभी शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजो में लिखा पढ़ा एवं दर्ज किया जाये।

पराना नाम-सत्यवेन्दर संधू (SATVENDAR SANDHU)
नया नाम-सत्यवेन्दर सिंह संधू (SATWINDER SINGH SANDHU)
पिता का नाम अपार सिंह संधू
पता: किले अंदर, जिला विदिशा

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, **कृष्ण गोपाल मीना (KRISHN GOPAL MEENA)** मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश/गलती से नाम रासी मीना **(RASHI MEENA)** गलत अंकित हो गया है। अत: मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में सही नाम **ऋषि मीना (RISHI MEENA)** दर्ज है। अत: राजपत्र के प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री का सही नाम **ऋषि मीना (RISHI MEENA)** सभी शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजो में लिखा पढ़ा एवं दर्ज किया जाए।

पुराना नाम-रासी मीना **(RASHI MEENA)**
नया नाम-ऋषि मीना (RISHI MEENA)
पिता का नाम कृष्ण गोपाल मीना
पता: ग्राम हरदोलखेड़ी पोस्ट रमडी जिला गुना

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, **विजय (VIJAY)** मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश/गलती से मेरा नाम **श्रष्टी कुर्मी (SHRASHTI KURMI)** गलत अंकित हो गया है। अत: मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेज एवं समग्र आई.डी. में सही नाम **सृष्टि कुर्मी (SRISHTI KURMI)** दर्ज है। अत: राजपत्र के प्रकाशन के उपरांत मेरा पुत्री का सही नाम **सृष्टि कुर्मी (SRISHTI KURMI)** सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो में लिखा पढ़ा एवं दर्ज किया जाये।

पुराना नाम-श्रष्टी कुर्मी (SHRASHTI KURMI)
नया नाम-सृष्टि कुर्मी (SRISHTI KURMI)
पिता का नाम विजय कुर्मी
पता: ग्राम खेरोदा पोस्ट बागरोद जिला विदिशा

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, **कन्छेदी लाल** मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश/गलती से नाम **रोहित (ROHIT)** गलत अंकित हो गया है। अत: मेरे पुत्र के शैक्षणिक एवं समग्र आईडी में सही नाम निखिल सहरिया **(NIKHIL SAHARIYA)** दर्ज है। अत: राजपत्र के प्रकाशन के उपरांत मेरे पुत्र का सही नाम **निखिल सहरिया (NIKHIL SAHARIYA)** सभी शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेज में लिखा पढ़ा एवं दर्ज किया जाए।

पुराना नाम-रोहित (ROHIT)
नया-निखिल सहरिया (NIKHIL SAHARIYA)
पिता का नाम कन्छेदी लाल
पता: ग्राम पठारी हवेली पोस्ट चिड़ोरिया जिला विदिशा